प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–07.10.2024 (सं0–105)

बिहार एस0टी0एफ0 एवं पूर्णिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अन्तर्जिला कुख्यात वांछित एवं 50 हजार रूपये का ईनामी अपराधकर्मी मो0 आदील उर्फ बाबर पुलिस की आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्रवाई में मारा गया ।

- **अपराधकर्मी मो0 आदील के गिरोह के अन्य 06 सदस्य अपराधकर्मी गिरफ्तार।**
- **01 देशी कार्रबाइन एवं 06 देशी पिस्टल बरामद।**
- **किशनगंज, पूर्णियाँ एवं कटिहार उसके आसपास के क्षेत्रों में डकैती की घटना कर आतंक फैलाना चाहता था, कुख्यात अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर ।**

दिनांक 06.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 एवं पुर्णियाँ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पचास हजार रूपया का ईनामी कुख्यात अपराधी एवं गैंग लिडर मो0 आदील उर्फ बाबर पे0 अली मोहम्मद उर्फ सोसा सा0 पतलुआ, थाना किशनगंज, जिला किशनगंज पुलिस की आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्रवाई में मारा गया एवं उसके गैंग के 06 सहयोगी अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया।

- अपराधकर्मी मो0 आदील उर्फ बाबर पर किशनगंज, पूर्णियाँ एवं कटिहार जिला में डकैती, पुलिस के साथ मुठभेड़ एवं आर्म्स एक्ट के 12 से अधिक गंभीर कांड दर्ज हैं। जिसमें 10 (दस) कांडों में वांछित था। इसके विरूद्ध पूर्णियाँ एवं किशनगंज जिला पुलिस के द्वारा 50–50 हजार का ईनाम घोषित था।
- कुख्यात अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर वर्ष 2016 से लगातार गृह डकैती जैसे गंभीर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।
- बिहार एस0टी0एफ0 एवं पूर्णियाँ पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर की गिरफ्तारी को लेकर पिछले कई माह से पुलिस सक्रिय थी। यह भी सूचना प्राप्त हुई की उक्त अपराधकर्मी पूर्णियाँ जिला में किसी बड़ी डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु बिहार एस0टी0एफ0 एवं पूर्णियाँ पुलिस के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को देखकर पश्चिम बंगाल नंबर की स्कॉर्पिओ गाड़ी पर सवार उक्त अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर उक्त अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर एवं उसके गैंग के सहयोगी अपराधकर्मी स्कॉर्पियो से उतरकर पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिसके उपरांत पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में उक्त अपराधी मो0 आदील उर्फ बाबर को गोली लगने से मारा गया एवं उसके अन्य 06 सहयोगी अपराधकर्मी गिरफ्तार हुए एवं उनके पास से अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किया गया।
- फरवरी 2024 में किशनगंज जिला के कोचाधामन थानन्तर्गत पुलिस मुठभेड़ में उक्त अपराधकर्मी मो0 आदील उर्फ बाबर संलिप्त था। उक्त घटना में जिला पुलिस का एक जवान ललटू सिंह गोली लगने से घायल हो गये थे। इस घटना में अपराधकर्मी मो0 आदील उर्फ बाबर फरार हो गया था। इस संबंध में कोचाधामन (किशनगंज) थाना कांड संख्या 12/24 दिनांक 02.02.2024 धारा 353/307/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा 3/4 वि0पदा0अधि0 अंकित किया गया।

- घटना के संबंध में अमौर (पूर्णिया) पुलिस द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत् जांच एवं अन्य कार्यवाही की जा रही है।
- **गिरफ्तारीः–**
  1. नुर्सीद आलम, सा0 डायरन सिमलिया थाना वायसी जिला पुर्णिया
  2. दिलदार, सा0 चनकी तारावाड़ी थाना वायसी जिला पूर्णिया
  3. ड्राईवर इकवाल हुसैन, सा0 लहसारा थाना दालकोला जिला उ0 दिनाजपुर पं0 बंगाल
  4. सानुल उफ सहिनुल, सा0 सुरजापुर पतलुआ थाना किशनगंज जिला किशनगंज
  5. मो0 असलम, सा0 धमपुरा थाना कोचाधामन जिला किशनगंज
  6. सायने बाबु, सा0 धनपुरा थाना कोचाधामन जिला किशनगंज
- **बरामदगीः–**

1. **देशी कार्रवाईन–01**
2. **देशी पिस्टल–06**
3. **जिंदा कारतूस–37**
4. **कई राउण्ड खोखा**
5. **उजला स्कॉर्पियो गाड़ी**

xxxxxx